तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 13 जून 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 सरगुजा में मानसून की दस्तक के लिए अभी करना होगा इंतजार



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT | CCH | DMLT | Dialysis | X-RAY | OT | MPHW | Dresser

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician
7772963125, 9039511123

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

### एमआईसी की बैठक में दिए गए निर्देश

# बारिश से पहले नालियों की सफाई जल जमाव की समस्या को करें दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को नगर निगम की एमआईसी में बारिश से पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का मुद्दा गरमाया रहा। महापौर व एमआईसी सदस्यों ने बारिश शुरू होने से पहले सभी नालों की समय रहते सफाई कराने के निर्देश दिए है ताकि बारिश के समय गंदा पानी लोगों के घरों में ना घुसे। इसके साथ ही बैठक में निर्देश दिया गया है शहर में संचालित सभी शासकीय स्कूलों के हैंडपंप की जांच कर उनके मरम्मत को पूर्ण कर लिया जाए ताकि स्कूल खुलने पर छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। आज महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन कौंसिल की बैठक के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था का मुद्दा एमआईसी सदस्यों द्वारा उठाया गया।

**खास बातें**
- स्कूलों के हैंडपंप का सत्र शुरू होने से पहले कराएं मरम्मत
- विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा को दी गई स्वीकृति

एमआईसी सदस्यों मेराज रंगरेज, शैलेन्द्र सोनी ने बताया कि शहर में ठेका पद्धति के तहत 24 वार्ड संचालित हो रहे है और विभाग द्वारा वर्तमान में सभी सफाईकर्मियों को एक ही वार्ड में लगा दिया जा रहा है जिससे बाकी वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और पार्षदों द्वारा नाराजगी जताई जा रही है। वहीं शेष 24 वार्डों में नगर निगम के शासकीय सफाईकर्मी भी काम कर रहे है तो उनमें से भी ज्यादातर वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे में महापौर डॉ. अजय तिर्की व लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई का कार्य जारी रहे और पूर्व की भांति 25 से 30 कर्मचारियों की टीम बनाकर अभियान चलाकार जो सफाई कार्य करना है किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले सभी छोटे बड़े नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि बारिश होने पर लोगों के घरों में नाली का गन्दा पानी नहीं घुसे। वहीं उन्होंने कहा कि शहर में जिन स्थानों पर जल जमाव की समस्या होती है उनका चिन्हांकन कर अभी से निकासी की व्यवस्था की जाए। जल निकासी के प्राकृतिक रास्तों को बंद कर लिया गया है जिन्हे तत्काल साफ किया जाए। जिन वार्डों में सुपरवाइजर काम नहीं कर रहे है उनपर तत्काल कार्यवाई की जाए। वहीं बैठक में नगर निगम के रोकपाल छत्रधारी चौबे के पदोन्नति का मुद्दा रखा गया जिसमें आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत ने बताया कि उनकी पदोन्नति नहीं हो सकती और उन्हें लिखित में पत्र दिया गया है जिसे लेकर एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा ने आपत्ति दर्ज कराई कि जब पदोन्नति नहीं हो सकती है तो फिर विषय एमआईसी में क्यों रखा गया है। इसपर मेयर व लोनिवि प्रभारी ने कहा कि अगर वे पदोन्नति के लिए पात्र है तो नियमानुसार प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए और शासन से स्वीकृति मिलने पर पदोन्नति दी जाए। बैठक में पुराने फायर स्टेशन परिसर को क्रिकेट संघ को आगामी 1 जुलाई से 15 अक्टूबर तक नेट प्रैक्टिस के लिए देने की अनुमति दी गई लेकिन परिसर में संघ मूल स्वरूप में कोई बदलाव नहीं कर पाएगा। बैठक में 15 वें वित्त व अन्य मदों से निर्माण कार्यों के लिए टेंडर को स्वीकृति प्रदान की गई।



बैठक में चर्चा क्रते महापौर एवं पार्षद।

## बस स्टैंड में खोला जाएगा एक और प्रवेश द्वार

आज बैठक के दौरान महापौर ने प्रतीक्षा बस स्टैंड में लग रही गुमटियों को संचालन की अनुमति देने का विषय रखा गया जिसमें सदस्यों ने कहा कि यदि वे बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर गुमटी लगाते है तो इससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती है। इस लिए उन्हें हटाकर पीछे के वेंडिंग जोन में डाला जाए। इसके साथ ही महापौर डॉ. तिर्की व लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि परीक्षा बस स्टैंड में पीछे की ओर से भी 20 फीट का प्रवेश द्वार बनाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय का पालन किया जाए। दोनों तरफ से प्रवेश की व्यवस्था होने पर पीछे संचालित होने वाली दुकानों का व्यवसाय प्रभावित नहीं होगा। बैठक में प्रतीक्षा बस स्टैंड में दो दुकानों के आबंटन हेतु आए निविदा को भी मंजूरी दी गई।

### हैंडपंपों का होगा आटोमेडिकल क्लोरीनेशन

बैठक के दौरान बताया गया कि शहर में वर्तमान में लगभग 750 हैण्डपम्प व 80 पावर पम्प संचालित है। शासन द्वारा पावर पंप व हैंडपंप में आटोमेटिक क्लोरीनेशन के लिए प्रस्ताव मंगवाया गया है। ऐसे में एमआईसी से इसकी अनुमति दी गई। ननि क्लोरीनेशन के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। वहीं बैठक में महापौर डॉ.तिर्की व लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने सूखे हुए हैंडपंप के पास रेन वाटर हार्वेसिंटग बनाया जाए। वहीं उन्होंने शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले निगम क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों के हैंडपंप का मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नवापारा महाकालेश्वर मंदिर के समीप स्थित ड्राई हैंडपंप के स्थान नए हैंडपंप खनन की अनुमति के लिए प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को भेजने का निर्देश दिया गया।

# भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ खाया जहर, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के ग्राम डिण्डो में भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ने कमरा बंद कर जहर खा लिया। घटना के बाद महिला की घर में ही मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। फिलहाल जहरखुरानी के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस जांच में जुटी

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम डिंडो निवासी 28 वर्षीय राकेश गुप्ता का विवाह वाड्रफनगर निवासी अंजू गुप्ता से हुआ था। राकेश भाजयुमो सनावल का मंडल पदाधिकारी था और वर्तमान में अंबिकापुर के एक निजी हॉस्पिटल में काम करता था। दोनों का एक तीन साल का बच्चा भी है। युवक मंगलवार को ही पत्नी व बच्चे के साथ गृह ग्राम डिंडो गया था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे उसने अपने बच्चे को चाचा के पास भेज दिया और दम्पति कमरे में चले गए।



कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर तेज आवाज में टीवी शुरू कर दिया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे बाद कमरे के सामान गिरने की आवाज आई तो परिजन ने दरवाजा खटखटाया।

दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो दोनों बेहोश पड़े हुए थे। इस दौरान अंजू गुप्ता की मौत हो गई थी जबकि राकेश गुप्ता ने वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। आज दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। मामले में डिंडो चौकी प्रभारी निर्मल प्रसाद राजवाड़े ने बताया कि कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिल सका है। इस मामले की जांच की जाएगी।

## अलग-अलग घटनाओं में दो युवती की मौत

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में 12 जून को अलग-अलग दो घटनाओं में दो युवतियों ने मौत को गले लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पहली घटना में एक युवती ने ट्रेन आने के दौरान पटरी पर लेट गई, जिससे कि उसका सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लेकर विवेचना में जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 जून को खरवत आनी के बीच रेल लाइन में एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गई, जिसकी पहचान ग्राम आनी निवासी पार्वती प्रजापति के रूप में हुई, जो घटना दिवस को अपने घर पर ही मोबाइल छोड़कर घर से निकल गई थी, जिसका शव रेल्वे ट्रेक पर मिला। जानकारी के अनुसार 12 जून को पूर्वान्ह लगभग 11:15 बजे गाड़ी नंबर 18756 अंबिकापुर-शहडोल गुजर रही थी, इसी दौरान खरवत रेल्वे लाइन पर युवती पार्वती प्रजापति ट्रेन को देखकर पटरी पर लेट गई, इसी बीच ट्रेन गुजरी तब उसका सिर कटकर धड़ से अलग हो गया।

## खबर संक्षेप

### पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीण पर गिरी डंगाल, मौत

**अम्बिकापुर।** पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीण पर डंगाल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खैरबन निवासी मुना सिंह आ. स्व. प्यारेलाल (60 वर्ष) 30 मई को पड़ोसी बसंत पेड़ पर चढ़कर डाल काट रहा था तभी मुना सिंह पेड़ के नीचे खड़ा होकर उसे देख रहा था। इसी दौरान डंगाल सीधे उसके ऊपर आकर गिरा जिससे मुना गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

**बतौली/सेदम।** बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से जंगल में चर रहे दो भैंस चपेट में आ गए जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। दो भैंस की मौत हो जाने पर किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है।बतौली के दुरस्त पहाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत टीरंग निवासी शिवप्रसाद पैकरा के दो भैंस घर के समीप ही जंगल में चर रहे थे। इसी दौरान तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरने से दोनों भैंसों चपेट में आ गया जिससे दोनों भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। इधर दो भैंस की अचानक मौत हो जाने से किसान खेती किसानी को लेकर चिंतित है और किसान को आर्थिक क्षति उठाना पड़ा। इस संबंध में बतौली तहसीलदार तारा सिदार ने बताया कि पटवारी के माध्यम से जल्द ही प्रकरण तैयार कर किसान को हुए क्षति का मुआवजा दिया जाएगा।

# एक सप्ताह व दस दिनों से चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी नदारद, बीएमओ ने चार को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक गंभीर नजर नहीं आ रहे है। दरिमा के नावानगर में जमीन पर प्रसव व चिकित्सक नर्स के लापरवाही के बाद एक और स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी का एक और मामला सामने आया है। बीएमओ भफौली पर की गई निलंबन की कार्रवाई के बाद अब लुंड्रा विकासखंड के बरगीडीह पीएचसी में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले है। बरगीडीह पीएचसी भगवान भरोसे संचालित हो रहा था ऐसे में बीएमओ ने लापरवाही पर चिकित्सक, आरएमए, नर्स समेत 5 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि हाल ही में दरिमा के नावानगर पीएचसी में चिकित्सक व नर्स की लापरवाही का मामला सामने आया जिसमें एक महिला का प्रसव जमीन पर हुआ। इस मामले में बीएमओ व नर्स को निलंबित किया जा चुका है जबकि आरएमए को नोटिस जारी हुआ है। वहीं अब बीएमओ लुंड्रा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगीडीह के चिकित्सकों को नोटिस जारी किया गया है। बीएमओ द्वारा 7 जून को पीएचसी बरगीडीह का निरीक्षण किया गया जिसमें यह बात सामने आई कि वहां पदस्थ आरएचओ महिला उर्मिला सिंह 29 मई से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित है और वे 10 जून तक अस्पताल नहीं पहुंची। इसी तरह अस्पताल में पदस्थ एमएलटी राजेन्द्र प्रसाद भी 7 जून को अनुपस्थित मिले। अस्पताल में पदस्थ आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुमेश मिश्रा भी 1 जून से 10 जून तक अनुपस्थित है जबकि एमएलटी किशन गिरी भी 6 जून को बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। हैरानी की बात तो यह है कि चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी बिना किसी पूर्व सूचना के गायब रहे और जब बीएमओ ने निरीक्षण किया तो उसके बाद भी उन्होंने अस्पताल जाकर ड्यूटी ज्वाइन करना उचित नहीं समझा। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की इस घोर लापरवाही के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ओर वे उपचार के लिए भटक रहे है। हाल ही में दरिमा के नावानगर पीएचसी के मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की लेकिन इन चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों पर इस कार्रवाई का भी असर नहीं हुआ। ऐसे में बीएमओ लुंड्रा ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- लुंड्रा के बरगीडीह पीएचसी का मामला, आयुष चिकित्सा अधिकारी, नर्स व एमएलटी की मनमानी

### अस्पताल में उपचार करने से किया मना

एक तरफ अस्पताल में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी नदारत रहते है तो वहीं दूसरी ओर जो नर्सिंग स्टाफ अस्पताल में मौजूद है वो मरीजों का उपचार करने से भी मना कर दे रहे है। इस बात का खुलासा भी बीएमओ द्वारा जारी की गई नोटिस से हुआ है। बीएमओ द्वारा बरगीडीह पीएचसी में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर शीला पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि 10 जून को ग्राम खाराकोना निवासी महिला अनिता बघेल सड़क दुर्घटना में घायल होकर उपचार कराने के लिए पीएचसी पहुंची थी जहां नर्स शीला पटेल ने उन्हें उपचार करने से मना कर दिया। ऐसे में उन्होंने बीएमओ को लिखित शिकायत की थी। शिकायत के बाद बीएमओ द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### आंवरा झरिया के समीप रेलिंग से टकराकर फटा ट्रक का टायर, चालक फरार

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, भागते हुए अन्य राहगीरों को लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

बुधवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। भागने के चक्कर में चालक ने रास्ते में वाले अन्य लोगों को टक्कर मार दी और फिर आंवरा झरिया घाट पर ट्रक पुलिया के रेलिंग से टकरा गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर के नवागढ़ निवासी 32 वर्षीय एजाज अहमद अंसारी आ. कलीम अंसारी अपने दोस्त के साथ बाइक से रामानुजगंज आया हुआ था। युवक आज सुबह बाइक से ही वापस अंबिकापुर लौट रहा था। इस दौरान तातापानी के समीप पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 22 एक्स 6899 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी और फरार हो गया। भागने के चक्कर में उसने चार से पांच अन्य लोगों को भी अपनी जद में ले लिया। घटना की जानकारी मिलने पर तातापानी चौकी के सामने पुलिस द्वारा वाहन को रोकने के लिए बेरिकेटिंग की गई लेकिन उत्पाती ट्रक चालक पुलिस की बेरिकेटिंग तोड़कर भाग निकला जिसके बाद पुलिस टीम ट्रक का पीछा कर रही थी। भागने के दौरान आंवरा झरिया घाट से पहले पुलिया की रेलिंग से अनियंत्रित ट्रक टकरा गया और ट्रक का टायर फट गया जिसके बाद चालक ट्रक को छोड़कर जंगल के रास्ते भाग निकला। इधर घटना में गंभीर रूप से घायल एजाज अहमद को उपचार के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। इस संबंध में चौकी प्रभारी हिम्मत सिंह शेखावत ने बताया कि इस मामले में बलरामपुर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लिया गया है। घटना में एक युवक की मौत हुई है जबकि कुछ लोग घायल भी हुए हैं उनका उपचार चल रहा है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है ड्राइवर की खोजबीन में पुलिस जुटी हुई है।



## कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब पीने का आदि ग्रामीण ने कीटनाशक पी लिया। ग्रामीण को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम श्याम नगर निवासी शिवनाथ राजवाड़े आ. रामरतन राजवाड़े (52 वर्ष) शराब पीने का आदि था। गत दिन शराब के नशे में कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# करैत के डंसने से पिता पुत्र की मौत, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**वाड्रफनगर।** रात को सोते समय करैत के काटने से पिता पुत्र की मौत हो गई। सोते समय सांप ने दोनों को डंस लिया जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान पहले पुत्र और फिर पिता ने दम तोड़ दिया। युवक ससुराल में रहकर निजी स्कूल में पढ़ाने का काम करता था जबकि उनकी पत्नी भी शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। पिता पुत्र की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पीएम उपरान्त दोनों के शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद परिजन शवों को लेकर गृहग्राम जशपुर चले गए। बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिला निवासी 35 वर्षीय अजय तिर्की का ससुराल विकासखंड के ग्राम बरतीकला के आश्रित ग्राम केनापारा में है। युवक केनापारा में रहकर रजखेता स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य करता था जबकि उनकी पत्नी भी शासकीय शिक्षक है। युवक का 10 वर्षीय पुत्र आरुष तिर्की है। सोमवार की रात अजय तिर्की रात को खाना खाने के बाद पुत्र आरुष तिर्की के साथ सो गया था। इस दौरान देर रात उन्हें किसी जीव द्वारा काटे जाने का एहसास हुआ तो उनकी नींद खुल गई। जब अजय तिर्की ने लाइट जलाकर देखा तो बिस्तर पर करैत सांप था जिसे होने मार दिया लेकिन करैत सांप ने पिता पुत्र को काट लिया था जिसके बाद रात 3 बजे दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा था लेकिन उपचार के दौरान पहले पुत्र आरुष तिर्की और फिर पिता अजय तिर्की ने दम तोड़ दिया। पिता पुत्र की मौत के बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन मृतक के शवों को लेकर गृहग्राम चले गए जहां आज उनका अंतिम संस्कार। घटना के बाद परिजन सदमे में है।

- रात को सोते समय हुई घटना, घटना से परिजन सदमे में





### अब पति ने नियुक्ति को फर्जी बताकर की शिकायत, जांच की मांग

# अनुकम्पा नियुक्ति लगी तो पति और छोटी बच्ची को छोड़कर चली गई पत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के ग्राम तराजू में अनुकम्पा नियुक्ति मिलने के बाद महिला अपने ही पति और छोटी बच्ची को छोड़कर चली गई। पत्नी के इस तरह जाने के बाद अब पति दफ्तरों के चक्कर लगा रहा है। पति का आरोप है कि महिला ने विवाहित होते हुए भी खुद को कुंवारी बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मां के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति हासिल की है। पति ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए जांच उपरांत कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने यूपी के बरेली में एसडीएम ज्योति मौर्य की याद ताजा कर दी। यह मामला सरगुजा के लखनपुर अंतर्गत ग्राम तराजू का है। बताया जा रहा है कि तराजू निवासी दीपक राजवाड़े की सास समुद्री बाई पति स्व. पवन राजवाड़े अनुविभागीय अधिकारी श्याम नहर उप संभाग क्रमांक 1 अंबिकापुर में पत्र वाहक के पद पर कार्यरत थी। समुद्री बाई की मृत्यु 24 अगस्त 2018 को हुई थी। सास की मौत के बाद छोटे पुत्र व दीपक राजवड़े की पत्नी सुलोचनी राजवाड़े ने खुद को मां पर आश्रित व कुंवारी दिखाकर अनुकम्पा नियुक्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हासिल की। युवक के अनुसार दीपक व सुलोचनी राजवाड़े की शादी वर्ष 2016 में हुई थी और शादी के बाद उनकी एक पुत्री भी हुई जिसका नाम निहारिका राजवाड़े है लेकिन महिला ने अनुकम्पा नियुक्ति पाने के लिए शादी की बात अधिकारियों से छिपाई और बाद में सुलोचनी ने अपनी शादी का झूठा प्रमाण पत्र उस वक्त बनवाया जब उसकी बेटी की उम्र दो वर्ष थी। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी मिलने के बाद महिला का व्यवहार ही बदल गया और एक दिन वह अपनी बच्ची और पति को छोड़कर चली गई और वर्तमान में जल संसाधन अनुभाग सूरजपुर में पंप संचालक के पद पर कार्य कर रही है। पत्नी के घर से जाने के बाद परिवार की परेशानी बढ़ गई है इसके साथ ही एक बच्ची से उसकी मां अलग हो गई और बच्ची के लालन पालन में पिता को दिक्कत आ रही है। ऐसे में उसने इस पूरे मामले की शिकायत संभागायुक्त, कलेक्टर सूरजपुर व कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 से करते हुए फर्जी नियुक्ति की जांच उपरांत कार्रवाई करने की मांग की है।



### पत्र किया गया है प्रेषित

इस मामले में पति दीपक राजवाड़े ने शिकायत की थी। युवक के अनुसार नियुक्ति फर्जी तरीके से की गई है। अनुकम्पा नियुक्ति मुख्य अभियंता कार्यालय से की जाती है। जांच भी मुख्य अभियंता कार्यालय से होती है। सुलोचनी राजवाड़े को पत्र लिखकर उनका पक्ष लिया गया है। जो भी जानकारी दी गई है उसे कलेक्टर, मुख्य अभियंता को प्रेसित कर दिया गया है। मुख्य अभियंता कार्यालय से ही इस मामले की जांच होगी।

-चंद्रभान ध्रुव, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग

## खबर संक्षेप

### महापौर ने मंत्री से पार्षद निधि राशि स्वीकृति की रखी मांग



**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर निगम में महापौर मद एवं पार्षदनिधि से विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि स्वीकृति किए जाने का आग्रह किया है। इस हेतु महापौर श्री प्रसाद द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा महापौर मद के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सवा दो करोड़ रूपये की राशि तथा प्रत्येक पार्षद हेतु पार्षद मद के अंतर्गत 6 लाख रूपये की राशि विकास कार्यों हेतु प्रदान की जाती है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2024-25 सत्र में महापौर मद एवं पार्षद मद से वार्डों में विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि जारी की जाए ताकि वार्डों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा सकें।

### शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बोईदा में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत एसडीएम, तहसीलदार को सरपंच द्वारा अनेक बार शिकायत की पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसडीएम को सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईदा में प्रस्तावित भूमि पर जगह जगह पर अवैध कब्जा किया गया है। सरपंच द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं करने से निराश हो गए हैं, जिसके कारण सभी लोग मनमानी करते हुए जगह जगह बोईदा ग्राम में अवैध कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भवनों के सामने और स्कूल खेल मैदान के आसपास गांव के ही लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर मकान बना लिया है। पंचायत एवं ग्राम सभा का कहना भी नहीं मानते हैं। प्रस्तावित भूमि विघुत विभाग की सब स्टेशन के आने जाने रास्ता बंद हो गई है, बाजार के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा, शासकीय भवन के सामने कब्जा कर मकान एवं बाड़ी बनाया गया है और धान खरीदी केंद्र के प्रस्तावित भूमि पर भी मकान एवं बाड़ी बना दिया गया है। जिसके कारण चबूतरा एवं सेड निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों को इस कब्जा को लेकर कई बार अवगत करा चुके, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि खबर के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

### खिलाड़ियों एवं खेल संघों को प्रेरणानिधि प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को षहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, षहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत पांच वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला/पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक आयु के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिये हों या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

## कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कापानवापारा हाईवे पर नजर आते हैं हाथी

# नेशनल हाईवे पर अक्सर गजराज का डेरा, अंडरपास का मामला ठण्डे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के मुख्य मार्गों में नजर आता है गजराजों का झुण्ड

कटघोरा वनमंडल में विचरण करने वाले गजराज अक्सर हाईवे पर आज धमकते हैं और जिसकी वजह से घंटे हाईवे की रफ्तार थम जाती है। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार कम ना हो इसके लिए वन विभाग ने हाईवे के 7 स्थान में अंडरपास बन सके इस दिशा पर पहल की थी लेकिन मामला अब तक ठण्डे बस्ते में ही पड़ा नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और हाथियों के झुंड को इस क्षेत्र का जंगल भाग गया है। जिसके चलते हाथियों ने इस इलाके को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। अक्सर यह देखा जाता है कि हाथी नेशनल हाईवे कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग एनएच-130 में अकसर हाथी हाईवे को पार करते हैं। जिसकी वजह से हाईवे में आने जाने वाले लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने हाथियों को हाईवे पार करने में किसी तरह की परेशानी ना हो और हाईवे में चलने वाले आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने हाईवे में अंडरपास बनाने की दिशा पर पहल शुरू कर दी है। हाईवे में पड़ने वाले 7 स्थान में अंडरपास बनाने के लिए वन विभाग ने स्थल का चिन्हांकन किया है। जिसमें मुख्य रूप से परला कापानवापारा, गुरसियां, केंदई, मदनपुर को चिन्हांकित किया गया है। वन विभाग द्वारा अब इस प्रस्ताव को बनाकर नेशनल हाईवे के अथॉरिटी को भेजा जाएगा जहां से अब तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। जिससे ऐसा लग रहा है कि मामला ठण्डे बस्ते में पड़ा हुआ है। अक्सर हाथियों का झुण्ड हाईवे पर ही नजर आते हैं।



नेशनल हाईवे में अक्सर इस तरह हाथियों का झुण्ड आता है नजर।



वन्य प्राणियों के लिए हाईवे के लिए तैयार किया गया ओवरपास।

### कापानवापारा और परला मेन पॉइंट

केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड सबसे अधिक पसान व एतमानगर और केंदई रेंज में विचरण करते हैं। फिलहाल 7 स्थान को अंडरपास के लिए चिन्हांकित किया गया है लेकिन सबसे अहम स्थान परला कापानवापारा में अंडरपास बनाना सबसे अहम होगा क्योंकि इसी स्थान पर हाथी अक्सर इस दिशा से उस दिशा पार करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सबसे अधिक इसी स्थान से हाथियों ने यहां से पार किया है। बताया जाता है कि परला कापानवापारा की बीच की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। जहां इसी दोनों स्थान में सबसे अधिक अंडरपास की आवश्यकता वन विभाग महसूस कर रहा है।

### महिला को मौत उतारने के बाद दंतैल लौटा धरमजयगढ़

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कलमीटिकरा परिसर में एक महिला को मौत की नींद सुलाने वाला लोनर हाथी अब धरमजयगढ़ वनमंडल चला गया है। हाथी ने आधी रात के बाद आगे का रूख किया और मांड नदी को पार करने के बाद भोर होने से पहले धरमजयगढ़ पहुंच गया। लोनर हाथी ने ग्राम बासीन निवासी यादोबाई नामक महिला पर हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। जबकि उसका पति वृक्षराम पुलिया में छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहा था। दंपत्ति सुबह 7.30 बजे धान बीज खरीदी के लिए अपने गांव बासीन से गिरारी जा रहे थे, तभी जंगल में उनका सामना लोनर हाथी से हो गया था। हाथी ने देखते ही हमला कर दिया था। इस बीच 7 हाथियों का झुण्ड लबेद क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड को मंगलवार की सुबह यहां के जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। लबेद व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है और ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थना भवन चर्च आईटीआई चौक निवासी पास्टर ए.के. मोजेस उम्र 71 वर्ष पिता स्व. जी. मोजेस 6 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बैकुण्ठपुर पटना चला गया था और वहां से जब 11 जून को दोपहर लगभग 12 बजे वापस अपने घर आया तो देखा कि उसके घर में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था घर का पूरा सामान एलजी एलईडी टीवी फर्श पर बिखरा पड़ा हुआ था तथा होन्डा स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीडी 6307 घर मे नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

### एसईसीएल सीव्हीओ जयंत की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा।** कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमरी अपने किसी शासकीय कार्य से 3 जून को महानदी कोलफील्स लिमिटेड के मुख्यालय संबलपुर गए हुए थे। 5 जून को संबलपुर से वापसी के दौरान रायगढ़ के पास उनकी शासकीय वाहन इनोवा ट्रेलर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे वे घायल हो गए थे। उनके साथ वहां में चालक और बॉडीगार्ड मौजूद थे। घटना के बाद श्री खमाड़ी को जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़ में उपचार चल रहा था।उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गहन चिकित्सा के लिए उन्हें दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया गया था। मंगलवार की सुबह मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## महाविद्यालयों में छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही मिलेगा प्रवेश



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की घोषणा कर दी है। विभाग ने इसे लेकर सभी विवि को पत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि स्नातक में सेमेस्टर पद्धति से प्रवेश होगा। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में एनईपी लागू होगा। इन विभागों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स, वेल्यु एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स को भी पढ़ना है।

उच्च शिक्षा विभाग ने एन्हासमेंट कोर्स का डिटेल जारी कर दिया है। इसके अनुसार बीकॉम, बीबीए में पढ़ाई करने वाले छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स के तहत पहले सेमेस्टर में पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करनी होगी। इसी तरह बीएससी, बीसीए के छात्रों प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी भाषा और बीए, बीएससी एचएम के छात्रों को हिंदी भाषा की पढ़ाई करनी होगी।वहीं उच्च शिक्षा विभाग विवि को अब तक नहीं मिला है कि वेल्यू एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स में छात्रों को क्या पढ़ना है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने 18 जून से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को पोर्टल तैयार करना है, पर इनके पास डाटा ही नहीं है। ऐसे में अगर उच्च शिक्षा विभाग समय से डाटा उपलब्ध नहीं कराता है तो निर्धारित तिथि में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू करना विश्वविद्यालयों के लिए मुश्किल होगा।

### खास बातें

- बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में लागू होगा एनईपी
- 18 जून से शुरु होगी प्रवेश की प्रक्रिया

### 18 से शुरू होना है एडमिशन पर नहीं आया सिलेबस

उच्च शिक्षा विभाग ने कहा है कि 18 जून से विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश प्रकिया शुरू होगी। कुलपति के विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश होगा। 1 जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। अब ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक एनईपी का सिलेबस भी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध नहीं कराया है। छात्रों को पहले सेमेस्टर में क्या-क्या पढ़ाया जाना है, ये शिक्षकों को भी नहीं पता। ऐसे में छात्रों को पढ़ा पाना इस बार शिक्षकों के लिए भी मुश्किल हो रहा है।

## बालको ने कराया छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बालको ने जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार अपने संयंत्र परिसर और चोटिया कोयला खादान में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के औद्योगिक विकास को व्यापक रूप से समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित की गई। कोरबा जिलाधिकारी अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देखकर सीख सकें। लगभग 240 छात्रों ने अलग-अलग दल में बालको का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और तकनीकी एवं नवाचार की सोच विकसित होगी। क्लासरूम से बाहर जाकर बड़े-बड़े औद्योगिक कार्यस्थल के अवलोकन से शिक्षा के प्रति उनकी अभिरूचि भी बढ़ेगी। कंपनी में आने वाले सभी विद्यार्थियों को पूरे संयंत्र का भ्रमण कराया जिसमें कंपनी के महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया गया। शासकीय हाईस्कूल मदवानी विकास खंड करतला, जिला कोरबा के प्राचार्य बलराज कश्यप ने कहा कि कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों को बालको कंपनी में एल्यूमिनियम का उत्पादन, संग्रहण एवं विभिन्न शैक्षिक पहलू पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा संयंत्र से संबंधित किये गए सभी सवालों का सटीक और विस्तारपूर्वक जवाब दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें बालको संयंत्र में आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उन्हें एल्यूमिनियम एवं बिजली उत्पादन के सम्बंध में बारीकी से जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही बालको में टीम भावना और परस्पर सहयोग जैसे विभिन्न पहलुओ को समझने का अनुभव मिला। बालको के चोटिया कोयला खादान में अन्य छात्र-छात्राओं ने खदान का भ्रमण किया। उन्होंने खुले कोयला खादान का अवलोकन किया जो उनके लिए अभूतपूर्व अनुभव था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान से कोयला उत्खनन के साथ ही आधुनिक तकनीकी मशीनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट करने हेतु निगम चलाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने हेतु 12 जून से पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अंतर विभागीय दलों द्वारा प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर पहुंचकर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन करने की कार्यवाही एक विशेष अभियान चलाकर की जानी है।



कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 12, 13, 15, 19 एवं 20 जून को यह अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु गठित अंतरविभागीय दल में शामिल अधिकारी, कर्मचारी घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएंगे। इस संबंध में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अंतरविभागीय दलों का गठन करते हुए वार्डवार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा व तत्परता से त्रुटिरहित आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन अंतरविभागीय दलों में नगर निगम कोरबा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ मितानिन, स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं सामुदायिक संगठकों को शामिल करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए हैं।

### होटल मैनेजमेंट में प्रवेश हेतु आवेदन 24 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर मे होटल मैनेजमेंट मे डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेस सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउस किपिंग ऑपरेशन्स तथा डिग्री कोर्स बीएससी हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन हेतु कोरबा जिले के 15 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है। कोर्स में शामिल होने हेतु इच्छुक आवेदक 24 जून तक लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं।

## रेलवे के वाहन स्टैंड में शेड की दरकार, बारिश में भीगेंगी गाड़ियां



वाहन स्टेंड में खड़ी गाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा रेलवे स्टेशन का वाहन पार्किंग समस्याग्रस्त है। घंटे के हिसाब से वाहन रखने के लिए लोग पैसे जरूर दे रहे हैं लेकिन मौके पर न तो शेड है और न ही अन्य सुविधा। ऐसे में सुरक्षा का मसला भगवान भरोसे सिमटकर रह गया है। रेलवे और पार्किंग ठेकेदार इसकी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपने पर लगे हैं।

जब से वाहन स्टैंड का संचालन कोरबा के रेलवे स्टेशन में हो रहा है, समस्या तब से ही है। उपर से लोग हैं कि मजबूरी के चक्कर में अपनी गाडियों को इसी हाल पर छोडऩे के लिए लाचार हैं। काफी समय से जरूरत बताई जा रही है कि पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण खासतौर पर बारिश और गर्मी के सीजन में कई प्रकार की परेशानियों से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। अधिक तापमान के फेर में गाडिय़ों के डिस्कलर होने की समस्या पेश आती है तो बारिश में ज्यादा समय तक पानी का संपर्क होने के कारण पाट्‌र्स में जंग लगने की चुनौती बनी रहती है। अनेक अवसर पर दुपहिया गाडिय़ों से पेट्रोल चोरी होने के मामले जब बढ़े तो सीसीटीवी लगाने की जरूरत समझी गई और इस पर काम किया गया। ऐसी घटनाएं अब कम हुई हैं लेकिन पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण परेशानी तो है ही। बताया जा रहा है कि कोविड कालखंड के बाद किसी तरह पार्किंग का ठेका संपन्न हो सका लेकिन बाद में घाटे के कारण नए आवंटन में देरी हुई। लंबी प्रतीक्षा के बाद इस काम को कराया जा सका है। इधर लोगों का दबाव है कि अगर अच्छा खासा शुल्क रेलवे कांट्रेक्टर ले रहा है और इस परिसर के जरिए रेल प्रबंधन मोटी कमाई कर रहा है तो क्यूं न लोगों के हित में सुविधा दिए जाने के बारे में विचार होना चाहिए। वैसे भी कोरबा से प्रतिवर्ष 6000 करोड़ का राजस्व रेलवे को मिल रहा है। इतना सबकुछ होने के बाद भी यात्री सुविधाओं का अनदेखी करने का सिलसिला जारी है।

## दादरखुर्द में 6 जुलाई से सजेगा रथ, तैयारी में जुटे श्रद्धालु

# भगवान जगन्नाथ की धूमधाम से निकाली जाएगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालने की वर्षों पुरानी परंपरा हैं। इसकी तैयारी दादर मंदिर प्रबंधन ने शुरू कर दी है। अक्षय तृतीया को मुहूर्त के अनुसार काम शुरु कर दिया गया है। 6 जुलाई को रथ सजेगा और 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगनाथ मंदिर दादरखुर्द के पुजारी ने बताया कि 22 जून को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का 51-51 मिट्टी के कलश से औषधीय स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी। महास्नान के बाद वे 14 दिनों के एकांत में चले जाएंगे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेने 14 दिनों के लिए एकांतवास में चले जाते हैं। इसके कारण श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं हो पाता है। भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को नेत्र उत्सव के साथ आम श्रद्धालुओं को दर्शन देने दर्शन मंडप में पधारेंगे। रथयात्रा के दिन जो बेटियां ससुराल में होती हैं, ये मायके आती हैं। साथ ही अन्य रिश्तेदार भी रथयात्रा में शामिल होते हैं। रथयात्रा के दिन दादर क्षेत्र में मेला का माहौल रहता है, जहां बड़ी संख्या में छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानें लगती हैं, जहां लोग अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी करते हैं। इस बार भी व्यापारियों के लिए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मेला लगाने आगे आने कहा गया है। जिला व नगर प्रशासन के साथ मिलकर रथयात्रा उत्सव पर व्यवस्था सुचारु बनाने तैयारी की जाएगी। साथ ही पुलिस-प्रशासन से मेला स्थल पर किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसलिए सुरक्षा बल तैनात करने मांग की जाएगी।



### रथयात्रा का 123 वर्ष पुराना है इतिहास

कोरबा ही नहीं वरन आस-पास के जिलों में भी ग्राम दादरखुर्दकी रथ यात्रा काफी लोकप्रिय हैं। मंदिर समिति के कृष्णाद्विवेदी के अनुसार दादर में लगभग 123 साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इसके कारण यहां की लोकप्रियता लोगों में बनी हुई है। इस बार भी यहाँ रथयात्रा का उत्साह लोगों को देखने मिलेगा। मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ ही जरूर कार्य निपटाए ना रहे हैं। जल्द ही रथ को तैनार करने का काम भी शुरु हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने श्रमदान कर की सार्वजनिक स्थलों की सफाई

**लखनपुर।** सरगुजा जिले में पर्यावरण संरक्षण व प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह एवं स्वच्छ भारत मिशन योजना का अयोजन किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम पंचायत सिंगीटाना, कंटिदा, पुहपुटरा में श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई तथा घर-घर कचरा कलेक्शन का कार्य महिला स्वेच्छाग्राहियों द्वारा किया गया। रोजगार कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज ने बताया कि पर्यावरण प्रबंधन के लिए पौधरोपण एवं जल संरक्षण अंतर्गत सभी गतिविधियां की जा रही हैं। श्रमदान से स्वच्छता का लागातार संदेश दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में जागरूकता हेतु दीवार लेखन का कार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण व जल जीवन के महत्व को समझकर उसे अपनाने, पौधा लगाने व जल बचाने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित किया जा रहा है।

### बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे की उपस्थिति में बकरीद के पूर्व शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न वर्ग से आये नागरिकों ने बकरीद का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बकरीद के दिन पर्व की रूपरेखा के संबंध में उपस्थित लोगों के साथ सामान्य चर्चा की गई, इसके साथ ही शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उक्त दिवस हेतु पानी, बिजली एवं सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान ओमकार पांडे, नरेश राजवाड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, एएसपी संतोष महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 334 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**लहपटरा।** खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज स्थानीय साप्ताहिक बाजार लखनपुर में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार के 334 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लंकेश्वर सिंह, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. रेखा कुमारी, फार्मेसिस्ट सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

करोड़ों की लागत से तीस साल पहले बनाया गया था नहर व जलाशय

# जर्जर नहर से किसानों को नहीं मिली मुक्ति वर्षो से सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जल जीवन के लिए जितना जरूरी है उतना ही खेती किसानी के लिए भी जरूरी है। सिंचाई के लिए पानी पर्याप्त उपलब्ध हो तो किसान बंजर जमीन को भी उपजाऊ बना सकते है परंतु पानी न हो तो उपजाऊ भूमि भी बंजर हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति विकासखंड उदयपुर के ग्राम सलबा, डांड़गांव, गुमगा क्षेत्र का है। जहां के किसान पिछले 20 साल से बारिश के पानी से सिंचाई के लिए निर्भर है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र में बांध व गांव के खेतों तक सिंचाई के लिए नहर की सुविधा नहीं है। सालो पहले सिंचाई के लिए नहर तो बनाया गया परंतु देख देख के अभाव में नहर जर्जर हो चुकी है। ऐसे में बांध न सिर्फ शो पीस बन गई है बल्कि बांध का पानी अब किसानों के अनुपयोगी साबित होने लगा है। हैरानी की बात यह है कि सिंचाई के लिए वर्षो से जूझ रहे किसानों की समस्या का निराकरण आज तक नहीं हो सकी जिससे अब किसान खेती किसानी के लिए सिर्फ बारिश पर ही निर्भर है।

**खास बात**

- खेती किसानी के लिए के लिए बारिश पर निर्भर किसान



जर्जर व सूखा सलबा नहर।

उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सलबा में लगभग तीस साल पूर्व सलबा जलाशय का निर्माण करोड़ों रुपए के लागत से किया गया है।जबकि बांध का पानी ग्रामीणों के खेतो तक पहुंचे इसके लिए भी लाखों की लागत से लगभग 8 किलो मीटर लंबी नहर बनाई गई। जलाशय से तीन ग्राम पंचायत सलबा, डांड़गांव,गुमगा के सैकड़ो किसान कई एकड़ भूमि पर सिंचाई किया जाता था। बांध का पानी लगभग दस वर्षों तक नहर के आखरी छोर गांव गुमगा तक पहुचता था परंतु विभाग द्वारा समय समय पर नहर की मरम्मत नहीं कराने से नहर की हालत दयनीय हो गई। आलम यह है कि नहर की मरम्मत नहीं होने से धीरे धीरे नहर लायनिग खराब होने लगी और विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण अब नहर की लायनिग में कई जगह झाड़ियों उग गए है जिससे नहर पूरी तक ढंक गई है जिससे नहर सिर्फ सो पीस बन कर रह गई है। ऐसें में पीछले लगभग 20 सालो से गुमगा, डांड़गांव के किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। किसानों द्वारा नहर सुधार कार्य की कई बार मांग की गई परंतु विभाग के अधिकारियों व जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे क्षेत्र के अधिकांश किसान खेती किसानी के लिए बारिश पर ही निर्भर है। समय पर बारिश नहीं होने के कारण किसानों के कई एकड़ भूमि बंजर पड़ा हुआ है। किसानों खेतों तक नहर ठीक होती तो खेती किसानी आसानी से होता परंतु नहर के जर्जर व पानी के अभाव में खेतों में लगी फसल भी न सिर्फ मुरझाने लगी है बल्कि मर रहा है। हैरानी की बात यह है कि पक्की नहर बनाने तथा सुधार कार्य का प्रस्ताव जिला प्रशासन के फाइलों में वर्षो से धूल फांक रही है। बावजूद इसके किसानों के महत्वपूर्ण समस्या का सुध किसी ने नहीं लिया जिससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

#### बारिश में बह गया था सलबा नहर

पिछले वर्ष भारी बारिश में सलबा का मेन लाईन नहर लगभग 60 से 70 मीटर बह गया था। नहर के बह जाने से दर्जनों किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी। उसके बाद भी विभाग नहीं जागा। सिर्फ मिट्टी डाल कर साल भर से छोड़ दिया गया है। इस बार तेज बारिश हुई तो फिर से नहर बह सकता है लेकिन विभाग के जिम्मेदार लोगों को कोई लेना देना नहीं है। कई जगह पर नहर जर्जर हो गया है लेकिन कई साल बीत जाने के बावजूद मरम्मत नहीं हो सकी। जबकि हर साल नहर मरम्मत के लिए राशि आता है लेकिन राशि का उपयोग कहा होता है इसका पता नहीं। हैरानी की बात यह है कि बड़े अधिकारियों क्वाटर एवं निवास उदयपुर के बना है लेकिन अधिकारी कभी कभार ही ब्लाक मुख्यालय में देखने को मिलते हैं।

#### विकास खंड के अन्य जलाशय एवं नहरों का हाल बुरा

उदयपुर विकासखंड में शायर, रिखी, खोडरी, फुलचुही सहित अन्य कई जलाशय एवं नहर हैं। कहीं नहर की हालत जर्जर है तो कही बांध का गेट सही ढंग से बंद हो पा रहा है। जिस कारण कही भी सभी किसानों को सही ढंग से सिंचाई के लिए जलाशयों से पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि संबंधित विभाग के अधिकारी जलाशय व नहर को लेकर कितना गंभीर है।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

नहर की जर्जर हालत में है इसकी जानकारी है। नहर मरम्मत की स्वीकृति के लिए जिला पंचायत को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

**-एपी निरंजन**, ईई अम्बिकापुर



## जनपद सीईओ ने किया ग्राम पंचायत कुसमुसी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान/सलका-अधिना

जनपद पंचायत भैयाथान सीईओ विनय गुप्ता मंगलवार को ग्राम पंचायत कुसमुसी निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य सहित लाभार्थी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। पंचायत भवन में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जनपद सीईओ द्वारा पंचायत में संधारित पंजियो का अवलोकन किया जिसमें गंभीर अनियमितता पाया गया। बिना प्रस्ताव पारित किए ही खेल सामग्री के नाम पर हजारों रुपये आहरण करना पाया गया। वर्ष 2020-21 में निर्माण किए गए कार्यों का आज तक सीसी जारी नहीं किया गया है। हैंडपंप सुधार के नाम पर हजारों रुपये आहरण कर लिया गया है वहीं 15 वां वित्त योजना में किए गए कार्यों का एमबी भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच के दौरान कई वर्षों का रिकॉर्ड संधारण होना नही पाया गया। सादे बिल वाउचर भी जब्त किए गए हैं जिसे लेकर सीईओ ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव को जमकर फटकार लगाई और कहा कि जो बिल वाउचर दुकानदारों के पास होता है वह ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में क्या कर रहे हैं। सीईओ श्री गुप्ता ने शासकीय राशि में हुए दुरुपयोग व कार्यों में किए गए अनियमितता को ध्यान में रखते हुए पंचायत में संधारित सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है और उपस्थित लोगों को विधिवत जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब जब्त किए गए दस्तावेजों का विधिवत जांच होती है या फिर मामले को रफादफा कर दिया जाता है यह देखना दिलचस्प होगा।

- जांच में मिला गंभीर अनियमितता, संधारित दस्तावेजों को किया जब्त

इस सबंध में जनपद सीईओ विनय गुप्ता ने बताया कि सचिव द्वारा पंचायत मुख्यालय में न रहने व विभागीय कार्यों का समय पर निष्पादन न करने सहित अन्य शिकायतें मिल रही थी। जिसे लेकर ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया गया व योजनाओं से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जांच में कुछ अनियमितताएं पाई गई है जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत खपत बढ़ने से ध्वस्त हो रहे ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नौतपा के बीत जाने के बाद भी लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों विद्युत खपत बढ़ने के कारण आए दिन कहीं न कहीं ट्रांसफार्मर ध्वस्त हो रहे हैं, जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है, हालांकि इस तपती-दुपहरी में विद्युत कर्मी सुधार कार्य में लगे हुए हैं। दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से लोगों में नाराजगी भर रही है।

जानकारी के अनुसार शहर के बाईसागरपारा में 11 जून की दोपहर से अघोषित रूप से बिजली की कटौती को लेकर मोहल्ले के लोग काफी नाराज दिखे, यहां दूसरे दिन भी लाइट इस क्षेत्र में गुल रही। ऐसे में समझा जा सकता है कि भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी से हलाकान होना पड़ा। साथ ही अन्य तरह की परेशानियों का भी समना करना पड़ा। बाईसागरपारा -डबरीपारा में एक दिन पूर्व से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ा। यहां के निवासरत लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण ऐसी परेशानियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा। ऐसे में कई घंटों तक बिजली गुल होने की समस्या से स्थाई समाधान की दिशा में कार्य करने की विभाग को जरुरत है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार डबरीपारा-बाईसागरपारा इलाके में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है, जिसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि समय रहते जमीन उपलब्ध हो जाता है तो यहां नया ट्रांसफार्मर तत्काल विभाग द्वारा लगाया जाएगा, जिससे आने वाले समय में विद्युत की समस्या नहीं के बराबर होगी।



ट्रांसफार्मर बदलने में जुटे कर्मी।

#### शहर के कई क्षेत्रों में अघोषित कटौती

इस भीषण गर्मी में आए दिन शहर क्षेत्र की बिजली अघोषित रूप से प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र की कटती रहती है। इस दौरान कुछ देर के लिए विद्युत की कटौती होती है तो लोगों को गर्मी से बेहाल होना पड़ता है और विद्युत की अव्यवस्था को लेकर नाराजगी होने लगती है। इस गर्मी में शहर के कई क्षेत्रों में रोजाना विद्युत गुल होना आम बात हो गई है। वैसे तो मानसून के आने में अब ज्यादा समय नहीं है, ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी को मेंटेनेंस कार्य पूर्ण करने की जरुरत है, क्योंकि बरसात के दिनों में स्थिति ऐसी बनती है कि आंधी बारिश शुरू हुई तो विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो जाती है।

#### दिन रात सुधार का कार्य कर रहे

इन दिनों विद्युत खपत कई गुना ज्यादा बढ़ा हुआ है, जिससे कई तरह की समस्याएं हमारे सामने आ रही है। शहर में जहां भी ट्रांसफार्मर खराब हो रहे, तत्काल हमारी टीम सुधार के लिए दिन-रात जुटी हुई है। डबरीपारा इलाके में जमीन मिलते ही नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा, क्योंकि यहां लोड के हिसाब से खपत ज्यादा है।

**-केशव चन्द्रा,** जेई विद्युत विभाग बैकुंठपुर

## चिरायु से मासूम के मोतियाबिंद का हुआ सफल ऑपरेशन



**वाड्रफनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिरायु टीम द्वारा जन्म से ही मोतियाबिंद से ग्रसित बच्ची को अत्यंत कम दिखाई देता था। बिटिया का सफलतापूर्वक ऑपरेशन मेकाहरा रायपुर में कराया गया। पीड़िता आसमा पिता शिवकुमार आंगनबाड़ी केंद्र भोदर परसपारा की है। चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जन्मजात मोतियाबिंद की समस्या मिलने पर बीएमओ डॉ.शशांक गुप्ता एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बच्ची को तत्काल रायपुर स्थित मेकाहारा में भेजकर सफलतापूर्वक ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के बाद बच्ची की नजर ठीक हो गई है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क./70/अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रामकुमार अग्रवाल आ. सागरमल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 519/6 एवं 519/10 रकबा 0.012 एवं 0.007 कुल रकबा 0.019 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19/06/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर जिला-सरगुजा**



### कृषि विस्तार अधिकारी ने नगर के खाद बीज उर्वरक दुकान का किया निरीक्षण

**कुसमी।** कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण कुमार भगत द्वारा अपने विभागीय टीम के साथ नगर पंचायत सहित आस पास के कृषि बीज उर्वरक दुकानों में खाद बीज सहित उर्वरक एवं संधारण पंजी, अनुज्ञप्ति सहित स्टॉक पंजी की जांच की गई। सभी दुकानों में सभी दस्तावेज सही पाया गया वही खाद बीज एवं उर्वरक विक्रय कर रहे दुकानदार को सही प्रकार की कंपनी जिसकी मान्यता भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रमाणित सहित मान्यता प्राप्त हो ऐसी कंपनी का खाद बीज उर्वरक उचित मूल्य पर रशीद के साथ किसानों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए। नकली खाद बीज एवं उर्वरक को ज्यादा दर पर दुकानों में बिक्री करने पर प्रतिबंध लगाते हुए उचित सलाह देते हुए नकली कंपनी का बीज वितरण करने पर कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की बात कही। सभी खाद बीज उर्वरक बिक्री करने वाले दुकानदारों को हिदायत देते हुए उचित प्रकार से खाद बीज एवं उर्वरक विक्रय करने की सलाह दी। खाद बीज उर्वरक जांच के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कुमार भगत, सुनील कुमार भगत, अशोक कुजूर, दीपक बड़ा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक – 23 जून 2024 रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.दीपक अग्रवाल
हड्डी रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 16 जून 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 13 जून 2024 दिन - गुरूवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (OPD) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता – MD (Medicine) मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा – MBBS, DNB (OBGY & Gynae) स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम. डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता – MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले – MS, ENT नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – MBBS, MS हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पूरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
• पेशाब में खून आना
गायत्री हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.करण सराफ
MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO
CUNSULTTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
दिनांक - 16 जून 2024
समयः दोपहर 2:00 बजे से सायं 4 बजे तक
तीसरे रविवार को उपलब्ध
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal Collage of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफाइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### 22 वें अंतरराष्ट्रीय जीत कून्डू चैंपियनशिप में सरगुजा ने जीता चार गोल्ड

**अम्बिकापुर।** मुंबई में 22वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कुंन्डू चैंपियनशिप में सरगुजा के शामिल 7 खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल खिलाड़ियों ने हासिल किया। बड़ी बात यह है कि इस बार भी सरगुजा की छात्र मणिपुर क्षेत्र की साक्षी साहू ने इस अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स गेम में जीत का परचम लहराते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। साक्षी साहू ने पहले भी कई गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जीत कून्डू एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य टीम के चयनित 9 सदस्यीय टीम 8 एवं 9 जून को अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंधेरी मुंबई में 22वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कुंडू चैंपियनशिप में शामिल हुई थी। सरगुजा से अनुज बेक, मो. तौकीर रजा, साक्षी साहू, आराधना मुंडा, अनुष्का सिंह, नताशा राव, तन्मय प्रधान व टीम कोच अनिल बर्नवाल, टीम मैनेजर जीवनत्ती प्रधान व महिला कोच साक्षी साहू की टीम के साथ इस स्पर्धा में भारत, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, मलेशिया और बांग्लादेश के लगभग 500 खिलाड़ी भाग लिए थे। मो. तौकीर रजा, साक्षी साहू, अनुष्का सिंह, नताशा राव ने प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। तन्मय और अनुज बेक सिल्वर व आराधना मुंडा ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर लौटे खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन में ही जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राज्य स्पोर्ट्स जीत कून्डू के अध्यक्ष अनिल बर्नवाल, सचिव बिगना मुंडा, सह सचिव पप्पू साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### सकुरा विज्ञान कार्यक्रम हेतु चयनित सावित्री को किया गया सम्मानित



**अम्बिकापुर/रजपुरीकला।** सकुरा साइंस एक्सचेंज प्रोग्राम अंतर्गत जापान में 16 से 22 जून तक आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली कस्तुरबा की छात्रा कुमारी सावित्री सिंह को अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया। जिपं सीईओ नूतन कंवर, संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला मिशन समन्वयक रविशंकर तिवारी ने जापान साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा जापान में आयोजित सकुरा विज्ञान कार्यक्रम हेतु सरगुजा से पहली बार चयनित कस्तूरबा लखनपुर की छात्रा सावित्री को जापान जाने के पूर्व मोमेंटों प्रदान किया तथा जापान से विज्ञान के रोबोटिक साईंस सहित अन्य बारीकियों एवं एडवांस टेक्नोलॉजी को समझकर बच्चों के बीच शेयर करने के लिए प्रेरित किया। होनहार छात्रा सावित्री की इस उपलब्धि पर अधिकारियों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने सावित्री से उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं उसके अध्ययन अध्यापन तथा अंग्रेजी एवं जापानी भाषा के ज्ञान के बारे में जानकारी ली तथा अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने जापान यात्रा के बाद सावित्री के अनुभव से कस्तूरबा एवं अन्य छात्राओं को लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। सावित्री ने बताया कि बचपन में ही उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था। उसकी मा ने कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका को उसे सौंपकर उसका ध्यान रखने को कहा था।

### ट्रेलर की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**सोनगरा।** ट्रेलर वाहन की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे आसपास क्षेत्र में बिजली गुल रही। हालांकि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने



मरम्मत किया जिससे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। महान टू कोयला खदान से ट्रेलर वाहन क्रमांक 29 ए 4000 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खासपारा सोनगरा निवासी छत्तरधारी सिंह के बाड़ी स्थित ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन ट्रांसफार्मर को भी उखाड़ कर लेता गया। इधर घटना को देख बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं पुलिस ने हस्तक्षेप कर भीड़ को हटाया गया व क्षतिग्रस्त लाइंस को कटवाकर सोनगरा के लाइन को बहाल किया गया।

## हेल्थ प्लस

### हीटवेव से बचने खान-पान में करें जरूरी बदलाव : डॉ.द्ववेदी

**अम्बिकापुर।** बृज होम्योपैथिक क्लिनिक के संचालक डॉ.एएन द्ववेदी ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए बताया की पुदीने की पत्तियां एंटी माइक्रोबायल



गुणों से भरपूर होती हैं। इससे पेट को ठंडक मिलती है और पाचन तंत्र सही रहता है। उन्होंने घर से बाहर निकलने से पहले पर्याप्त पानी पीने के साथ नींबू पानी, नारियल पानी बेल का रस एवं कच्चे आम का झोलिया ज्यादा मात्रा में पीने की सलाह दी है। डॉ.द्ववेदी के अनुसार गर्मी के मौसम में कच्चे प्याज का सेवन करने से शरीर को क्वेरसेटिन कंपाउण्ड की प्राप्ति होती है जिससे जिससे शरीर में ठंडक बनी रहती है। ज्यादा मात्रा में दही खाने से डाइजेशन और हाइड्रेशन इंप्रूव होता है। शरीर को गर्मी से बचाने के लिए ब्रीथएबल और ढ़ीले कपड़े पहनने की सलाह दी है। इस संबंध में डॉ.द्ववेदी का रिसर्च पेपर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथी साइंस में पब्लिश हुआ है।

## मानसून के उत्तरी भारत का उत्तरी छोर 12 दिनों से पड़ा है स्थिर

# सरगुजा में मानसून की दस्तक के लिए अभी करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अभी सरगुजा में मानसून की दस्तक के लिए चार-पांच दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। मानसून के बंगाल की खाड़ी का उत्तरी छोर अभी भी पुरानी स्थिति में शांत पड़ा है जबकि अरब सागर का छोर तेज गति से अग्रसर है तथा समय पूर्व ही महाराष्ट्र, कर्नाटक के अधिकांश इलाके में छाकर छत्तीसगढ़ में आगे की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों के भीतर अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद मानसून के तेज गति से आगे बढ़ने का अनुमान लगा रहे हैं। केरल तट पर निर्धारित समय के दो दिन पूर्व मानसून के दस्तक देने एवं मानसून के अग्रसर होने के अनुकूल परिस्थितियों को देखकर मौसम विज्ञानी सरगुजा में भी मानसून के समय पूर्व पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। मौसम विज्ञानी 13 एवं 15 जून के मध्य मानसून के सरगुजा में दस्तक देने का अनुमान लगा रहे थे। इस बीच लगातार भीषण गर्मी पड़ने एवं खाड़ी से आ रही नमी के कारण अपराह्न में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं कहीं-कहीं तेज अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के कारण लोग प्री-मानसून की गतिविधियां प्रारम्भ होने का अनुमान लगा रहे थे। मौसम विज्ञानी इन गतिविधियों को वातावरण में नमी का प्रभाव बढ़ने के कारण स्थानीय प्रभाव से घटित होने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में मानसून के अरब सागर का छोर तेजी से अग्रसर है तथा सुकमा में दो दिन तक स्थिर रहने के बाद अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने पर फिर से अग्रसर हो गया है तथा बीजापुर तक का सफर पूरा कर लिया है। अरब सागर के मानसून का छोर तेजी से दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र में छाते जा रहा है। इसके विपरीत मानसून के बंगाल की खाड़ी का छोर 31 मई से ही बांग्लादेश के पास स्थिर पड़ा है खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान रेमल के बाद मानसून के अरब सागर का छोर तेजी से अग्रसर हुआ है वहीं दूसरा छोर अब तक स्थिर है। इस छोर के अग्रसर होने के लिए बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनना जरूरी माना जा रहा है। खाड़ी में उल्लेखनीय हलचल नहीं होना मानसून की राह में रोड़ा माना जा रहा है। मौसम विज्ञानी वर्तमान में पश्चिम बंगाल एवं असम के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से खाड़ी में कुछ हलचल होने के बाद मानूसन के अग्रसर होने का अनुमान लगा रहे हैं। ऐसे में बिहार-झारखण्ड की यात्रा पूरी कर मानसून के सरगुजा तक पहुंचने में चार-पांच दिन लग सकता है। मौसम विज्ञानी 15-17 जून तक अनुकूल परिस्थितियों में मानसून के सरगुजा पहुंचने का अनुमान लगा रहे है। सरगुजा में मानसून के दस्तक देने का तिथि 15 जून है। विपरीत परिस्थितियां निर्मित होने के कारण इस बार मानूसन की दस्तक में 1-2 दिन का विलंब हो सकता है।

**खास बात**

- अग्रसर होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने का इंतजार




**फिलहाल गर्मी से नहीं मिलेगी राहत**

नौतपा प्रारम्भ होने के बाद से ही सरगुजा में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा दिन का तापमान 40.0 डिग्री के निकट रह रहा है। पिछले दो दिनों से पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही दिन का तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है वहीं रात का तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस के मध्य रह रहा है। भीषण गर्मी एवं उमस के कारण भारी बेचैनी में रातें कट रही हैं। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगा रहे हैं। इस दौरान कहीं-कहीं तेज अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारम्भ होने पर ही गर्मी से राहत मिलने का अनुमान लगा रहे हैं।

**उत्तर भारत में स्थिर है मानसून**

उत्तर-पूर्व में मानसून की जो स्थिति 31 मई को थी यथावत बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में उल्लेखनीय कम दबाव का क्षेत्र नहीं बनने के कारण मानसून के उत्तरी भारत का उत्तरी छोर स्थिर है। भारतीय मौसम विभाग के बुलेटिन में आगामी 3-4 दिनों में मानसून के उत्तर भारत की ओर अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने का अनुमान लगाया गया है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी



## ग्राम बतरा में शॉर्ट सर्किट से सेवानिवृत्त कालरी कर्मी के घर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सेवानिवृत्त कालरी कर्मी के मकान में बीती रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की वजह से घर के भीतर रखे सामान जल जाने से ग्रामीण को एक लाख रुपए आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा के पंचायत भवनपारा में मंगलवार की रात शॉर्ट सर्किट की वजह से सेवानिवृत्त कालरी कर्मी खिरोधन राजवाड़े के बड़े पुत्र भोला राजवाड़े के निवास में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद यहां पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और ग्रामीणों व पीड़ित परिवार की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन आग की चपेट में आने से एक दरवाजा, करीब तीन ट्रैक्टर पैरा, दर्जन भर कंडी खपरा जलकर खाक हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची ,इस दौरान करीब पांच मिनट में फायर ब्रिगेड का पानी खत्म होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम वापस लौट गई। ग्रामीणों ने बताया कि पैरा में आग लग जाने से लपटें काफी तेजी के साथ घर में फैल रही थी परंतु साहस का परिचय देते हुए स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घर के शेष हिस्से की कंडी खपरा को हटा दिया गया इस वजह से आग की लपटें ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकी और एक बड़ी अनहोनी टल गई। आगजनी की इस घटना में करीब एक लाख रुपए के आर्थिक नुकसान पीड़ित परिवार को होने की आशंका जताई जा रही है।

- स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ से नहीं हुई कोई जनहानि



अतिक्रमण हटाते निगमकर्मी।

## अतिक्रमणकारियों ने नाला व शासकीय जमीन पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब वे लोग नाला पर भी कब्जा करने से परहेज नहीं कर रहे है। शहर के नमनाकला में लोगों ने नाला के ऊपर ही कब्जा कर निर्माण कर लिया जिससे नाला की चौड़ाई ही आधा हो गया। आज इस मामले में कार्यवाई करते हुए नगर निगम व जिला प्रशासन की टीम ने एक साथ आठ अतिक्रमण को हटाया है। अतिक्रमणकारियों ने नाला के साथ ही शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया था। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बता दें कि शहर के नमनाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी के आगे शासकीय जमीन पर नाला का निर्माण कराया गया है। नाला निर्माण होने के बाद क्षेत्र के कुछ रसूखदारों द्वारा बेखौफ होकर नाला की जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। 18 मीटर चौड़ा नाला कब्जा के बाद कहीं 8 तो कहीं 9 मीटर ही शेष बचा था। ऐसे में नगर निगम द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी किए जाने के बाद इस मामले में आज एसडीएम फागेश सिन्हा, आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत की मौजूदगी में नगर निगम की उड़न दस्ता टीम ने कार्रवाई की। निगम द्वारा नाला पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़ा गया। इस कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी प्रदीप पैकरा, भवन शाखा प्रभारी विवेक सैनी, उड़न दस्ता टीम से रविंद्र लाल, अखिलेश पांडेय, चन्दन यादव आदि मौजूद थे।

- एसडीएम व ननि आयुक्त ने खड़े होकर हटवाया अवैध कब्जा

### पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हुआ बंदी

**अम्बिकापुर।** जशपुर जेल में बंद विचाराधीन बंदी ने पुलिस कर्मियों को चमका देकर फरार हो गया। पुलिस कर्मी धारा 363,366 क,370 बी के मामले में जेल में बंद बंदी को अम्बिकापुर न्यायालय में मुल्जिम पेशी कराने के बाद बस से लेकर वापस जा रहे थे तभी बंदी ने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बंदी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पेट निवासी अकबर खान आ. मोहम्मद समीम खान (27 वर्ष) जशपुर जेल में धारा 363,366 क,370 बी के मामले में विचाराधीन है। रक्षित केन्द्र में पदस्थ आरक्षक लवकुश पैकरा व हीरालाल भगत 7 जून को जिला जेल जशपुर में मुल्जिम पेशी कराने का आदेश पर जेल से मुल्जिम अकबर खान आ. मोहम्मद समीम खान को बस से जशपुर से अंबिकापुर लेकर गए और दोपहर 1 बजे पेशी कराकर वापस जशपुर के लिए बस से अम्बिकापुर से कुनकुरी तक जाने के लिए निकले। 3.30 बजे बतौली बस स्टैंड में बस रुकी तभी आरोपी बाथरूम करने की बात कहकर बस से उतरा और मौका देखकर भागने लगा साथ ही हाथ में लगे हथकडी को निकाल फेंका। पुलिस कर्मियों ने बंदी का पीछा किया परंतु वह भागने में सफल हो गया। आरक्षक ने घटना की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई। रिपोर्ट पुलिस आरोपी बंदी के विरूद्ध धारा 224 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ बनाए रखने संवेदनशील होकर करें कार्यः डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृण बनाए रखने की दिशा में जिम्मेदारीपूर्वक संवेदनशील होकर कार्य कराने, अपराधों की रोकथाम और लॉ-इन-ऑर्डर बनाए रखते हुए बेहतर कार्य कर समाज में सकारात्मक संदेश देने तथा पेंडिंग मामलों के निराकरण में तेजी लाने और बेहतर पुलिसिंग करने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देने उप पुलिस महानिरीक्षक,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने आज पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों से कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत और सुदृण बनाए रखें, किसी विषय वस्तु को लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी को जिम्मेदारीपूर्वक संवेदनशील होकर क्षेत्र में कार्य करें, हर एक छोटी-छोटी अच्छी कार्रवाई से पुलिस की छवि अच्छी बनती है। अपराधों की रोकथाम और लॉ-इन-ऑर्डर बनाए रखते हुए बेहतर कार्य कर समाज में सकारात्मक संदेश देने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि हर समय पुलिस की मौजूदगी क्षेत्र में बनी रहे। किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना पर बारीकी से नजर रखे और त्वरित कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में सतत सम्पर्क स्थापित करते हुए सूचना संकलन को और मजबूत की जाए और प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाकर इस दिशा में बेहतर कार्य करें। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, राजेश जोशी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## सफाई के दौरान सड़क पर रखे नाली के ढक्कन बन रहे दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बारिश में जल भराव से निपटने के लिए नगर पंचायत द्वारा चलाया गया सफाई अभियान लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सफाई के दौरान नालियों के ऊपर लगा ढक्कन हटाकर सड़क पर रख दिया गया है जिसकी वजह से आवागमन बाधित होने के साथ सड़क पर रखा ढक्कन दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। ढक्कन की वजह से कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हो, इससे पहले नगरवासियों ने नाली को ढकने की मांग की है। विदित हो कि नगर में जलभराव से निपटने बारिश से पूर्व नगर पंचायत द्वारा युद्धस्तर पर नालियों की सफाई की जा रही है।नगर पंचायत द्वारा सफाई अभियान चलाकर नगर के उस क्षेत्र में नालियों की सफाई कराई जा रही है जहां बारिश के दिनों में जलभराव के कारण हालात खराब हो जाते है। नगर के गौरवपथ का हाल भी बारिश के दिनों में हाल बेहाल हो जाता है। जलभराव के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है जिसे देखते हुए नगर पंचायत ने गौरवपथ के नालियों की सफाई शुरू करा दी है। सफाई के दौरान नाली के ऊपर लगे ढक्कनों को हटाकर सड़को पर रखा गया है ताकि नाली की सफाई होते ही नाली को ढक्कन से ढका जा सके किंतु कछुआ चाल से हो रही नाली सफाई के कारण सड़क पर रखा ढक्कन मुश्किलें बढ़ा रहा है। इस ढक्कन की वजह से सड़क पर जाम लगने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ढक्कन की वजह से गौरवपथ पर कोई अप्रिय घटना घटे इससे पहले नगरवासियों ने प्राथमिकता के साथ नाली की सफाई करा ढक्कन लगाने की मांग की है। इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि गौरवपथ के नाली की सफाई प्राथमिकता के साथ कराई जा रही है। काफी हद तक सफाई के बाद ढक्कन से नाली को ढका जा चुका है जो हिस्सा बचा है उसकी भी सफाई करा ढक दिया जायेगा।

- नगर में चलाया गया है सफाई अभियान



### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया महिला शाखा का उद्घाटन

**सूरजपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी पहली महिला शाखा का उद्घाटन किया। इस विशेष शाखा का उद्घाटन जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय मुम्बई के महाप्रबंधक मुकुल एन दंडिगे, अचंल प्रमुख



बीआर रामा कृष्णा नायक, क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह उपस्थित थे। जिला सीईओ ने कहा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को यह महिला शाखा सूरजपुर की महिलाओं द्वारा संचालन में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्पूर्ण महिलाओं द्वारा बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में सुविधा देना और वित्तीय सशक्तिकरण में योगदान होगा। बैंक के महाप्रबंधक मुकुल दंडिगे ने कहा हमारा बैंक एक नया पैटन लांच किया है। जिसमें पूरे सेन्ट्रल बैंक के 90 रीजन में एक-एक सम्पूर्ण महिला शाखा बनाया जा रहा है। जिसे महिलाओं द्वारा बैंकिंग कार्य संचालन होना है। यह शाखा विशेष रूप से महिला स्टाफ द्वारा संचालन किया जाना है। जहां शून्य शिकायत होनी है। क्योंकि महिलाओं में अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देने की एक कोमल क्षमता रहती है। इस महिला शाखा में सभी ग्राहकों के लिए सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होगी। खाता खोलना, ऋण सुविधा, निवेश, सलाह, लाकर सुविधा, डिजिटल बैंकिंग इत्यादि। शाखा प्रबंधक सुश्री सोनली एक्का ने सभी ग्राहकों को आश्वासन दिया कि हमारी सेवा हमेशा तत्पर रहेगी। इस दौरान लीड बैंक मैनेजर आनंद मिंज, क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर संजय कुमार प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

### दृष्टि व श्रवण बाधित दिव्यांग को मिला मोबाइल व श्रवण यंत्र



**सूरजपुर।** ग्राम पलमा के 10वीं में अध्ययनरत दृष्टिबाधित दिव्यांग बलजीत देवांगन ने मोबाइल के लिए एवं ग्राम-खरसुरा के इन्दर प्रसाद ने श्रवण यंत्र के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन किया था। विभाग द्वारा आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आज कलेक्टर के माध्यम से दोनों को उनके द्वारा मांगे गए उपकरण उपलब्ध कराए। मोबाईल एवं श्रवण यंत्र प्राप्त करने के पश्चात दोनो ने खुशी जाहिर की। साथ ही नितेश शर्मा ग्राम-जगतपुर जो कि कक्षा पहली में अध्ययनरत है उसके द्वारा भी श्रवण यंत्र के लिए आवेदन दिया गया था। जिसे स्वीकार कर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू द्वारा नितेश को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

### आयुष ने नीट में 591 अंक लाकर प्राप्त की सफलता

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी नगर के व्यवसायी विश्वास सोनी के पुत्र आयुष सोनी ने नीट के परीक्षा में 720 में 591 नंबर लाकर सफलता प्राप्त की। आयुष ने कक्षा दसवीं में 67 प्रतिशत अंक लाया था वही 12वीं में शासकीय माध्यमिक शाला रामानुजगंज से पढ़ाई करते हुए 87 प्रतिशत अंक हासिल किया था। आयुष ने बताया कि 3 वर्ष के नियमित अध्ययन में सफलता दिलाई। माता-पिता का भरपूर सहयोग मिला वही गुरुजनों का सतत मार्गदर्शन मिलता रहा जिस कारण मैं नीट की परीक्षा निकाल सका। आयुष ने बताया कि माता-पिता की प्रेरणा से एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में कक्षा दसवीं के बाद में नीट की परीक्षा की तैयारी प्रारंभ कर दी थी।



## गायत्री खदान में दिन दहाड़े दर्जनों ग्रामीणों ने घुसकर चोरी का किया असफल प्रयास

**बिश्रामपुर।** खदानों से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ काफ़ी कम हो जाने से अब दिन दहाड़े भी कोयला व कबाड़ चोरी का अवैध धंधा फलफुल रहा है।प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की दोपहर को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान में बड़ी संख्या में कोयला चोरों ने जबरन खदान के भीतर घुसकर कोयला चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान में मंगलवार की दोपहर को दर्जनों ग्रामीणों ने खदान में धावा बोलकर यार्ड के स्टॉक से कोयला चोरी कर बोरियों में भर रहे थे। इस दौरान सूचना मिलने पर कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण , विभाग के उपनिरीक्षक दिनेश पांडेय व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को खदेड़ते हुए उनके द्वारा चोरी किए गए करीब 40 से अधिक संख्या में कोयला भरी बोरियों को जब्त करते हुए खदान के गोदाम में रखवा लिया है। ज्ञात हो कि खदान क्षेत्रों में पुलिस व एसईसीएल प्रबंधन के आपसी तनातनी व तालमेल बेहतर ना हो पाने की वजह से कोयला व कबाड़ चोरी की वारदात में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। इस वजह से कम्पनी प्रबंधन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाने विवश होना पड़ रहा है। प्रबंधन द्वारा चोरी की घटनाओं में आवेदन मात्र देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है और दूसरी तरफ़ पुलिस द्वारा कथित रूप से कोयला व कबाड़ चोरों के साथ मिलीभगत कर अवैध कारनामों में ढील देने तथा पकड़े गए आरोपियों पर कार्यवाही न किए जाने की कोशिश की जाती है, इसी वजह से चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

- 40 से अधिक कोयला से भरी बोरियां जब्त
- सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची कम्पनी सुरक्षाकर्मियों की टीम



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736